# राशन डिपो के आवेदन की अंतिम तिथि 14 तक बढ़ाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में फेयर प्राइस शॉप यानि डिपो प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 14 अगस्त तक बढ़ा दिया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 29 जुलाई को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के फेयर प्राइस शॉप पोर्टल की शुरुआत की थी, जिसके तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में 3224 नए राशन डिपो (फेयर प्राइस शॉप) के लाइसेंस देने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे। आवेदन करने की अंतिम तिथि सात अगस्त थी। लोगों की मांग पर अब आपूर्ति विभाग में डिपो के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 14 अगस्त शाम पांच बजे तक बढ़ा दिया है। ब्यूरो